# राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में हो रहे रोचक मुकाबले

## दूर-दराज से आकर नागरिक एवं छात्र-छात्राएं कर रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता नगर के पुराने कॉलेज स्थित रूद्र कॉलेज मैदान मे जारी है। 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन दिन सोमवार को बालक एवं बालिकाओं की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने मैच जीते । इस प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी, युवा, बच्चे और दूर- दराज से नागरिक आकर मैचों का लुफ्त उठाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। आयोजन समिति के प्रचार प्रसार समिति के सह प्रभारी मधुसूदन पटैल से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मप्र नें कर्नाटक को 28 अंकों के बड़े अंतर से



हराया। बालक वर्ग के अन्य मैचों में हरियाणा नें सीबीएसई को 35, नवोदय विद्यालय नें चंडीगढ़ को 37, राजस्थान नें उड़ीसा को 15, तेलंगाना नें दादर व नगर हवेली को 28, विद्या भारती नें सीआईएससिई को 17,गुजरात नें पूदीचेरी को 36, केंद्रीय विद्यालय नें तमिलनाडु को 8, महाराष्ट्र नें उत्तर प्रदेश को 11, सीबीएसई डब्ल्यूएसओ नें जम्मू कश्मीर को 19,पंजाब नें झारखण्ड को 22, ्चंडीगढ़ नें पश्चिम बंगाल को 42, सीबीएसई डब्ल्यूएसओ नें त्रिपुरा को 16 एवं केरला नें हिमांचल प्रदेश को 2 अंकों के अंतर से हराया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मेचों में मप्र नें केंद्रीय विद्यालय को 3, महाराष्ट नें हिमाचल प्रदेश को 32, पश्चिम बंगाल नें कर्नाटक को 12, विद्या भारती ने चंडीगढ़ को 18, उत्तराखण्ड ने सीबीएसई को 44, उड़ीसा ने पुडीचेरी को 37, तेलंगाना ने आंध्रप्रदेश को 15, बिहार ने मणिपुर को 21,तमिलनाडु ने सीबीएसई को 33 एवं झारखण्ड ने त्रिपुरा को 29 अंकों के अंतर से हराया।

विदित हो कि रविवार की रात कुमार विश्वास के कवि सम्मेलन उपरांत रूद्र मैदान पर पुन: आवश्यक व्यवस्था बनाने में आयोजन समिति के कर्मचारी सुबह तक़ जुटे रहे। आयोजन समिति के कंट्रोल रूम सहायक नोडल अधिकारी अमित पटैल ने बताया कि मंगलवार को चौथे दिन बालक व बालिका वर्ग के अनेक मेचों उपरांत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों के नाम तय हो जायेंगे।

# साहित्यकार राकेश माहेश्वरी काल्पनिक सम्मानित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** देश भर मे चर्चित एवं ख्याति प्राप्त तुलसी साहित्य अकादमी का 24 वा अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन एवं गरिमामय साहित्यिक समारोह डॉ राजेश श्रीवास्तव निदेशक रामायण केंद्र भोपाल की अध्यक्षता एवं डॉ जीवन रजक विशेष कर्तव्य अधिकारी मंत्री धर्मस्य साहित्यिक एवं संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं परम विदुषी डॉ प्रभा मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट लेखन एवं हिंदी को प्रदेय साहित्य को दृष्टिगत रखते हुए देश के विभिन्न अंचल के 13.उत्कृष्ट साहित्यकारों को अखिल भारतीय तुलसी सम्मान एवं 10 विदुषी महिलाओं को रत्नावली साहित्य सम्मान से गौरवांवित किया गया जिसमें नगर के चर्चित साहित्यकार कवि, कहानीकार राकेश माहेश्वरी काल्पनिक को अखिल भारतीय तुलसी साहित्य सम्मान से




सम्मानित कर शाल, श्रीफल एवं सम्मानीय राशि प्रदाय की गई । तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहन तिवारी आनंद ने श्री माहेश्वरी की साहित्यिक उपलब्धियों एवं उनके द्वारा हिंदी को प्रदेय किए जा रहे साहित्य पर अपनी समीक्षात्मक विचार प्रस्तुत किये। उल्लेखनीय है कि राकेश माहेश्वरी के साथ नई दिल्ली, आगरा, छतरपुर,लखनऊ, बुरहानपुर, उरई ,रायपुर, भंडारा, उज्जैन, जबलपुर,बिलासपुर के साहित्यकार भी सम्मानित हुए है।

## सार-समाचार

### पीजी कॉलेज में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के निर्देशानुसार इतिहास विभाग में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि प्रो. रीता रावत मैडम एवं डॉ. आरपी आम्रवंशी डॉ. अमित ताम्रकार, डॉ. राकेश पटले एवं श्रीमती बबीता सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं जनजातीय समुदाय के नायक भगवान बिरसा मुंडा जी केपूजन एवं दीप प्रज्वलन केसाथ आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. रीता रावत द्वारा भगवान बिरसामुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में जनजातीय नायकों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. आरपी आम्रवंशी द्वारा बिरसामुंडा जी के जीवन परिचय स े विद्यार्थियों को अवगत कराया और उनके जीवन के प्रमुख घटनाक्रम की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अमित कुमार ताम्रकार ने बताया कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध सम्पूर्ण देश के आदिवासियों न ब्रिटिश शासनके विरुद्ध विद्रोह किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बबीता सोनी ने आभार प्रकट किया।

### अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तर युवा उत्सव का शुभारंभ, प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एमआईएमटी कालेज नरसिंहपुर में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने गायन-वादन एवं साहित्यिक बौद्धिक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. बी. सिंह प्राचार्य शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की अध्यक्षता, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. मनीष अग्रवाल प्राध्यापक की उपस्थिति में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर, शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा, शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा, एम जी पी जी कॉलेज करेली, शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा के प्रतिभागियों एवं दल प्रभारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा एवं आभार आराधना दुबे द्वारा दिया गया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन सुमित दुबे, मयंक विश्वकर्मा, कामनी दुबे, जयनारायण शर्मा, संजय चौबे, विजय बेशर्म द्वारा किया गया।

**इनका हुआ चयन** -युवा उत्सव के तहत् विश्वविद्यालय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु एकल वादन नॉन परकुशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, एकल गायन शास्त्रीय, सुगम एवं पाश्चात्य् में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, समूह गायन भारतीय शैली में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, समूह गायन पाश्चात्य शैली में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर चयनित हुये। बौद्धिक विधाओं में भाषण में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर वाद-विवाद पक्ष में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं विपक्ष में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर एवं प्रश्नमंच में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय तथा एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की संयुक्त टीम का चयन किया गया।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अनूपपुर की बैठक का आयोजन आज 19 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मिशन के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# किसानों का हित सर्वोपरि, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि है और किसानों के आशीर्वाद एवं उनके रचनात्मक सहयोग के कारण ही महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्रीज लिमिटेड बचई ने निरंतर प्रगति की है। किसानों को सुविधाएं मिलें उन्हें हम वाजिब दाम दे सकें और समय पर गन्ना फसल का भुगतान कर सकें यह हमारा हमेशा से प्रयास रहा है। इतना जरूर है कि कभी जब हम किसानों की अपेक्षा पर पूर्णत: खरे नही उतर पाते फिर भी हमेशा शुगर मिल प्रबंधन ने ईमानदारी और नेक इरादे से कार्य किया है।

उक्त बात महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्रीज लि. बचई में आयोजित गन्ना संगोष्ठी में मिल के एमडी नवाब रजा ने किसानों को संबोधित करते हुए कही। श्री रजा ने बताया कि आज नए सत्र के लिए विधिवत पूजा-पाठ की गई है और 21 नवंबर से गन्ना खरीदी प्रारंभ हो जायेगी। इस सत्र में गन्ना खरीदी और भुगतान के संबंध में भी श्री रजा ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि जरूरत है कि किसान भाई डेयरी उद्योग के लिए आगे आएं। हर किसान कम से कम दो गाय अवश्य पाले। साथ ही डेयरी को रोजगार का साधन




### किसानों से गन्ना खरीदी 21 नवंबर से

बनाया जाये इसके लिए हमने भी सहयोग देने के लिए योजना बनाई है। किसानों को जैविक पशु आहार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही उन्हें विशेषज्ञो द्वारा प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके लिए कार्ययोजना पर हमने कार्य प्रारंभ कर दिया है।

किसानों से विशेषज्ञ संवाद कर रहे हैं। श्री रजा ने आव्हान किया किसान वृहद स्तर पर डेयरी उद्योग में आगे बढ़ सकते हैं। सरकार भी इस दिशा में बल दे रही है। आपने कहा कि यदि खेती को सही ढंग से किया जाये तो सपन्नता किसानों में बन जायेगी।

**किसानों ने किए प्रश्न** - कार्यक्रम में श्री रजा ने खेती किसानी में बढ़ते रासायनिक खाद्यो के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान श्री रजा ने अनेक किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम में अनेक किसानों ने अपनी शंकाओ और जिज्ञासाओं को लेकर सवाल किए। गोष्ठी में सभी किसानों से संवाद बनाते हुए श्री रजा और गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। गन्ना संगोष्ठी में कई विशेषज्ञों के अलावा डेयरी उद्योग के संबंध में महाराष्ट्र से आए डॉ.पाटिल, डॉ. राजेन्द्र दुबे, महाप्रबंधक गन्ना ओपी त्रिपाठी, किसानों में राजा भैया, ओमप्रकाश पटैल, डॉ. धर्मेन्द्र, एके श्रीवास्तव आदि ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नवाब शाबिर एवं आभार प्रदर्शन सेफ रजा व शाहिल रजा ने किया। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में किसान एवं शुगर मिल के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### किसान आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंहपुर के तत्वावधान में किसान आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन ब्रह्मा कुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से आए राजयोगी ब्रह्मा कुमार राजेंद्र भाई (उपाध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग) के पावन सानिध्य में अतिथि गण प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मप्र शासन चौधरी दर्शन सिंह सांसद , वरिष्ठ प्रशासनिक एवं कृषि अधिकारी गणों की में उपस्थिति में जिला के किसान बंधुओं के सम्मान में कार्यक्रम पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में 20 नवंबर दिन बुधवार दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जा रहा है । जिसका विषय इस प्रकार है ईश्वरीय निमंत्रण ,स्वच्छ, स्वर्णिम, सशक्त, समृद्ध भारत निर्माण के उद्देश्य को लेकर भारतीय कृषि दर्शन एवं संपूर्ण ग्राम विकास विषय पर नरसिंहपुर स्थित ब्रह्माकुमारीज दिव्य संस्कार भवन में एक आध्यात्मिक किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।



# गुस्साए किसानों ने किया चक्का जाम, सचिव पर लगाए परेशान करने के आरोप

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव द्वारा कुछ व्यापारियों की आई डी बंद कर दी जिससे सभी व्यापारियों ने अनाज की खरीदी बंद कर दी गई थी।

किसानों की धान खरीदी न होने के कारण किसानों ने सुबह 9 बजे रोड जाम कर दिया जिससे शहर का माहौल का चंद मिनटों में बदल गया पूरा आवागमन बाधित हो गया मौके पर पुलिस बल पहुंचा, और भार साधक अधिकारी एसडीएम मौके पे पहुंच कर किसानों से बात कर जाम खुलाया और फिर किसानों की समस्याएं सुन कर उनकी समस्याएं के निराकरण का आश्वासन दिया।

वही किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी सचिव रोज इस तरह के कृत्य रोज जैसे ही करते हे वही मंडी की भारसाधक अधिकारी कलावती ब्यारे ने कहा कि मंडी सचिव को तत्काल हटाने की बात कही और शांति बनाए रखने की अपील की।

# एनटीपीसी के स्टॉल में प्रदर्शित किया गया बैगन ट्रिपलर का मॉडल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाकौशल विज्ञान मेला में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) गाडरवारा द्वारा लगाया गया स्टाल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) गाडरवारा के पर्यावरण विभाग के उपमहाप्रबंधक जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि प्लांट में 800 मेगावाट क्षमता के दो केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिससे कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान भारी मात्रा में अत्यंत बारीक फ्लाई एश डस्ट का निर्माण होता है। यह वायु में मिलकर उसे प्रदूषित न करे, इसलिए फ्लाई एश को संगृहित कर इसे इकोफ्रेंडली पद्धति से वितरित किया जाता है। विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया से बनने वाले फ्लाई एश का उपयोग सड़कों के निर्माण के लिए किया जाता है।

उपमहाप्रबंधक मीना ने बताया कि विद्युत उत्पादन के दौरान चिमनियों से सॉक्स, नॉक्स एवं पर्टिकुलेट मैटर जैसे प्रदूषकों का उत्सर्जन होता है। जिसे विशेष तकनीकों की सहायता से नियंत्रित किया जाता है। पर्टिकुलेट मैटर के वायु में विलय को रोकने के लिए संयंत्र में उच्च क्षमता से युक्त ईएसपी तंत्र तथा सॉक्स प्रदूषक को नियंत्रित करने के लिए एकजीडी तंत्र को स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) गाडरवारा में प्रतिदिन आने वाली मालगाड़ियों के बैगन से कोयले की मात्रा को डंप करने के लिए विशेष पद्धति का उपयोग किया जाता है, जिसे बैगन ट्रिपलर के नाम से जाना जाता है। विज्ञान मेला में बैगन ट्रिपलर का मॉडल बनाकर प्रदर्शन के लिए भी रखा गया है। बैगन ट्रिपलर समय को बचाने और मैनपावर कम कर कॉस्ट नियंत्रित करने में सहायक है।

उपमहाप्रबंधक मीना ने बतया कि भविष्य में इस संयंत्र में मियावकी प्लांटेशन तंत्र की स्थापना भी की जाएगी। यह तंत्र वातावरण में भारी मात्रा में ऑक्सीजन का उत्सर्जन करेगा। इसके साथ ही प्लांट द्वारा कार्बन सिंक प्लांटेशन परियोजना के तहत कार्बन को कम कर वातावरण को स्वच्छ करने वाले सागौन एवं शीशम जैसे तरह-तरह के 5 लाख 33 हजार पौधों का रोपण भी किया जा चुका है। विद्युत उत्पादन के लिए उपयोगी सामग्रियों की जानकारी देते हुए जितेंद्र ने बताया कि प्लांट में पानी की आपूर्ति नर्मदा नदी एवं कोयले की आपूर्ति एनसीएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल एवं टीएचडीसी जैसे संस्थानों से की जाती है। उल्लेखनीय है कि महाकौशल विज्ञान परिषद द्वारा वेटरनरी कॉलेज मैदान में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा प्रथम महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो विद्यार्थियों के अन्दर विज्ञान की नवीन परिकल्पनाओं का सृजन तो कर ही रहा है ।

# कुमार विश्वास की कविताओं ने बांधा समां

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम क्षेत्र का ऐतिहासिक रूद्र मैदान शनिवार की रात एक विशेष आयोजन का गवाह बना। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से हजारों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम की खासियत और ऐतिहासिकता को समर्पित करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा, फ्पिछले वर्ष इसी दिन क्षेत्र की जनता ने मुझे ऐतिहासिक जीत दिलाई थी, और आज यह कवि सम्मेलन उन्हीं की सेवा और सम्मान के लिए समर्पित है।

डॉ. कुमार विश्वास ने मंच पर पहुंचते ही गाडरवारा को उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के लिए सराहा। उन्होंने कहा, फ्यह हरिशंकर परसाई और दादा धूनी वाले की तपोभूमि है, जहाँ आकर मैं खुद को धन्य मानता हूँ। उन्होंने अपनी कविताओं और शायरियों के माध्यम से श्रोताओं को भावनाओं के विभिन्न रंगों से जोड़ा। कवि सम्मेलन में कई प्रमुख कवियों ने



अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। डॉ. कुमार विश्वास ने अपने चिर-परिचित अंदाज में राजनीति, समाज और प्रेम पर कविताओं का ऐसा ताना-बाना बुना कि रूद्र मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा का जिक्र करते हुए गाडरवारा को अपनी स्मृतियों का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, फ्आशुतोष मेरे पुराने मित्र हैं, और उनका यह नगर साहित्य और संस्कृति की अद्भुत मिसाल है। जनता का भरपूर प्यार और वादा दोबारा आने का डॉ. कुमार विश्वास ने श्रोताओं के अपार प्रेम से अभिभूत होकर मार्च-अप्रैल में दोबारा गाडरवारा आने का वादा किया। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे, जिनमें स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र सिंह पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, और नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता मिनेंद्र डागा व मुकेश मरैया ने किया । कवि सम्मेलन ने गाडरवारा की सांस्कृतिक धरोहर को एक नई ऊँचाई दी और जनता को एक अद्भुत साहित्यिक अनुभव का अवसर प्रदान किया।

# कलार महिला मण्डल द्वारा किया सुहागलों का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हैहय क्षत्रिय कलार महिला मण्डल नरसिंहपुर द्वार बाबाघाट नरसिंहपुर में सुहागलों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा पूजन-अर्चन किया गया तथा समाज के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। महिला सदस्यों द्वारा सामूहिक एकता एवं बहुभोज की दृष्टि से अपन-अपने घर से लाये गये विभिन्न व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर कलार महिला मंडल की नगर अध्यक्ष श्रीमति प्रीति राय द्वारा उपस्थित सदस्यों को दीपावली गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा राय, अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, आरती राय, तथा उपाध्यक्ष ज्योत्सना राय, सचिव दुर्गा राय, कोषाध्यक्ष मीनू महाजन, नेहा राय, इन्द्रा राय, कामनी राय, सचि चौकसे, साधना राय, मौली राय, जयश्री राय, रेणु जायसवाल, भागवती राय, रिंकी राय, लता राय, नीता राय, किरण राय, सरिता राय, एवं सोनम: राय की उपस्थित उल्लेखनीय रहीं।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए